ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, बुधवार 29 अक्टूबर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 186

अमेजन ने 14,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला: टर्मिनेशन लेटर में लिखा- सभी एक्सेस बंद, अगर आप ऑफिस में हैं तो सिक्योरिटी आपको बाहर कर देगी

24 न्यूज अपडेट



ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने अपने 14,000 कॉर्पोरेट कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ऑफ ह्यूमन रिसोर्सेज बेथ गैलेटी ने मंगलवार, 28 अक्टूबर को इन कर्मचारियों को ईमेल के जरिए टर्मिनेशन लेटर भेजा। गैलेटी ने ईमेल में लिखा कि कर्मचारियों के सभी एक्सेस तुरंत बंद कर दिए गए हैं। जो लोग अभी अमेजन ऑफिस में हैं, जरूरत पड़ने पर सिक्योरिटी उन्हें बिल्डिंग से बाहर निकालने में मदद करेगी। प्रभावित कर्मचारियों को 90 दिनों की पूरी सैलरी और बेनिफिट्स, सेवरेंस पैकेज और जॉब प्लेसमेंट में मदद मिलेगी। अमेजन अपने कुल 30 हजार कॉर्पोरेट कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की तैयारी कर रही है, ये छंटनी उसी का हिस्सा है। कंपनी में कुल 3.5 लाख कॉर्पोरेट कर्मचारी हैं, ऐसे में यह संख्या करीब 10% है। वहीं, अमेजन में टोटल 15.50 लाख कर्मचारी काम करते हैं। छंटनी के पीछे ये कारण बताए जा रहे हैं-

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर ज्यादा फोकस करना

कंपनी में स्टाफ कम करने और उसे कम ब्यूरोक्रेटिक बनाने

ट्रांसफॉर्मेटिव टेक्नोलॉजी अपनाने के लिए रिसोर्सेस रीडायरेक्ट करने पड़ रहे

जेनरेटिव AI और दूसरे इनोवेशन्स में इन्वेस्टमेंट बढ़ाने के लिए

लेयर्स कम करने, एफिशिएंसी बढ़ाने और AI रेस में आगे रहने के लिए

महामारी के पीक डिमांड में ओवर हायरिंग हुई थी, अब लागत को बैलेंस किया जा रहा

चिप कंपनी एनवीडिया की वैल्यू 5 ट्रिलियन डॉलर पार: भारत की GDP से 90 लाख करोड़ ज्यादा; कंपनी मोबाइल-ड्रोन्स, ऑटोमेटिक गाड़ियों की चिप बनाती है



24 न्यूज अपडेट

सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया का मार्केट कैप पहली बार 5 ट्रिलियन डॉलर यानी 453 लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। एनवीडिया यह आंकड़ा पार करने वाली दुनिया की पहली कंपनी भी बन गई है।

यह आंकड़ा भारत की GDP से करीब 90 लाख करोड़ रुपए ज्यादा है। IMF के मुताबिक, भारत की GDP अभी 4.13 ट्रिलियन डॉलर यानी 364 लाख करोड़ रुपए है। एनवीडिया के बाद माइक्रोसॉफ्ट और एपल दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी हैं।

माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की दूसरी सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। इसका मार्केट कैप 4.03 ट्रिलियन डॉलर यानी 356 लाख करोड़ रुपए है। वहीं एपल 4.02 ट्रिलियन डॉलर यानी 355 लाख करोड़ रुपए की मार्केट वैल्यू के साथ तीसरे नंबर पर है। एक दिन पहले ही एपल ने 4 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था।

आज 29 अक्टूबर को एनवीडिया का शेयर कारोबार के दौरान 4.5% की तेजी के साथ 210 डॉलर यानी 18,534 रुपए पर कारोबार कर रहा है। जिसके चलते कंपनी का मार्केट कैप बढ़कर पहली बार 5.13 ट्रिलियन डॉलर के पार हो गया। तीन महीने पहले ही कंपनी ने 4 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया था।

ट्रम्प बोले- मोदी नाइसेस्ट लुकिंग गाय, किलर एंड टफ ऐज हेल, भारत से जल्द होगी बड़ी ट्रेड डील



24 न्यूज अपडेट

नेशनल डेस्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफों के पुल बांधते हुए उन्हें दुनिया के सबसे आकर्षक और दृढ़ नेता बताया। दक्षिण कोरिया में आयोजित एपेक CEO समिट में ट्रम्प ने कहा, "मोदी सबसे अच्छे दिखने वाले व्यक्ति हैं, लेकिन वे अंदर से बेहद मजबूत और निर्णायक हैं।" ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक समझौते की दिशा में बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है और बहुप्रतीक्षित ट्रेड डील जल्द पूरी होगी।

भारत-पाक तनाव पर ट्रम्प का खुलासा

अपने भाषण में ट्रम्प ने भारत-पाकिस्तान के बीच हुए तनाव का जिक्र करते हुए दावा किया कि उन्होंने दोनों देशों से युद्ध रोकने की अपील की थी, लेकिन जब उन्होंने इनकार किया तो उन्होंने "250% टैरिफ लगाने की धमकी दी"। ट्रम्प ने कहा, "दो दिन बाद दोनों देशों ने फोन किया और युद्धविराम पर सहमति जताई।" उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर की भी तारीफ की, उन्हें "जबरदस्त फाइटर" बताया।

भारत अपनी शर्तों पर करेगा समझौता

ट्रेड डील को लेकर भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कुछ दिन पहले कहा था कि भारत किसी भी सौदे में जल्दबाजी नहीं करेगा। उन्होंने कहा, "भारत सिर पर बंदूक रखकर डील नहीं करता। हम हर समझौते को दीर्घकालिक दृष्टिकोण से देखते हैं।"

डेयरी सेक्टर सबसे बड़ी बाधा

अमेरिका चाहता है कि भारत में उसके डेयरी उत्पाद — दूध, पनीर, मक्खन और घी — को बाजार मिले। लेकिन भारत का तर्क है कि इससे देश के कई करोड़ छोटे किसानों की आजीविका पर असर पड़ेगा और धार्मिक भावनाएं भी आहत हो सकती हैं। भारत में अमेरिकी डेयरी उत्पादों को लेकर आपत्ति इस कारण भी है कि अमेरिका में गायों को जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (रैनेट) खिलाए जाते हैं, जिससे उनका दूध भारत में 'मांसाहारी दूध' की श्रेणी में आता है।

2030 तक 500 अरब डॉलर व्यापार का लक्ष्य

भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को मौजूदा 191 अरब डॉलर से बढ़ाकर 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है।

वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, अप्रैल–जुलाई 2025 के बीच भारत का अमेरिका को निर्यात 21.64% बढ़कर 33.53 अरब डॉलर, जबकि आयात 12.33% बढ़कर 17.41 अरब डॉलर हुआ।

भारत पर अब 50% अमेरिकी टैरिफ लागू

अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाया था, जो 27 अगस्त से लागू हो गया। इससे पहले जुलाई में भी इतना ही टैरिफ लगाया गया था। यानी अब भारत पर कुल 50% टैरिफ लागू है।

राजा मर्डर, सोनम पर हत्या, सबूत मिटाने के आरोप तय: प्रेमी राज समेत 5 अन्य पर भी यही आरोप, मेघालय ले जाकर मारा था



24 न्यूज अपडेट

इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड के मामले में मेघालय की ईस्ट खासी हिल्स जिले की अदालत ने पांच आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। इसमें राजा रघुवंशी की पत्नी सोनम रघुवंशी, उसका बॉयफ्रेंड राज कुशवाहा और तीन अन्य आरोपियों विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी शामिल हैं।

कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय न्याय संहिता के सेक्शन 103(1) (मर्डर), 238 (A) (सबूत गायब करना) और 61(2) (क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी) के तहत आरोप तय किए।

पुलिस ने 5 सितंबर को सोहरा सब-डिवीजन के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास की कोर्ट में 790 पेज की चार्जशीट पेश की थी। इस मामले में मंगलवार को आरोप तय करते समय कोर्ट ने कहा कि पहली नजर में पांचों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए काफी सबूत हैं।

हालांकि बचाव पक्ष ने कहा कि आरोपी बेगुनाह हैं। जल्द ही ट्रायल शुरू होने की उम्मीद है। आरोपियों ने 5 बार निचली अदालतों में जमानत के लिए अर्जी लगाई है जो खारिज की जा चुकी है।

अन्य तीन आरोपियों के खिलाफ भी पुलिस की तैयारी

पुलिस अब बाकी तीन आरोपी सिलोम जेम्स, लोकेंद्र तोमर और बलबीर अहिरवार के खिलाफ दूसरी चार्जशीट फाइल करने की तैयारी में है। इन तीनों को सबूत नष्ट करने में उनकी कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया था।

इंदौर निवासी ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की सोनम से शादी इसी साल 11 मई को हुई थी। इसके बाद अपनी पत्नी सोनम रघुवंशी के साथ इसी साल 21 मई को हनीमून मनाने के लिए मेघालय के शिलॉन्ग गए थे।

जहां वो 23 मई को हनीमून के दौरान लापता हो गए थे। 10 दिन बाद पुलिस ने 30 फीट गहरी खाई से उनका क्षत-विक्षत शव बरामद किया, जिस पर धारदार हथियार से किए गए कई घाव थे। सोनम तब लापता थी। इसके बाद यूपी में उसने सरेंडर किया था। उससे पूछताछ के बाद आकाश, आनंद और विशाल को पकड़ा था।

सोनम के राज कुशवाहा से प्रेम सबंध थे। हालांकि उसके परिवार ने इस बात से इनकार किया था। पत्नी सोनम राजा को दर्शनीय स्थलों की सैर के बहाने एक सुदूर स्थान पर बुलाकर ले गई थी। उनके पीछे अन्य तीनों हत्या के आरोपी भी चले गए थे। फिर दो छुरों से वार कर उसकी हत्या कर दी, जिनमें से एक छुरा बाद में जंगल से बरामद किया गया।

सोनम घटनास्थल से भाग गई और बाद में उसने उत्तर प्रदेश में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। सोनम और राज सहित सभी पांचों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

10 ग्राम सोना अब 1.21 लाख का, कीमत 2,585 बढ़ी: इस साल 44,466 महंगा हो चुका, चांदी 4,737 बढ़कर 1.47 लाख किलो बिक रही



24 न्यूज अपडेट

सोना-चांदी के दाम में आज यानी 29 अक्टूबर को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 10 ग्राम सोने की कीमत 2,585 रुपए बढ़कर 1,20,628 रुपए हो गई है। इससे पहले इसके दाम 1,18,043 रुपए प्रति 10 ग्राम थे।

वहीं, चांदी 4,737 रुपए बढ़कर 1,46,633 प्रति किलोग्राम हो गई। मंगलवार (28 अक्टूबर) को इसकी कीमत 1,41,896 प्रति किलोग्राम थी। इससे पहले इसी महीने 17 अक्टूबर को सोने ने 1,30,874 रुपए और चांदी ने 1,71,275 रुपए का ऑलटाइम हाई बनाया था। हालांकि इसके बाद इसमें गिरावट देखने को मिली थी।

IBJA की सोने की कीमतों में 3% GST, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल RBI सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन, सीबीआई-एसीबी जयपुर की डीआईजी सुश्री मनीषा चौधरी, आईपीएस अतिथि वक्ता के रूप में रहीं शामिल



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे में सतर्कता जागरूकता सप्ताह (27 अक्टूबर से 2 नवम्बर 2025) के अंतर्गत बुधवार को मुख्यालय सभागार में "सतर्कताः हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीबीआई-एसीबी जयपुर की उप महानिरीक्षक एवं शाखा प्रमुख सुश्री मनीषा चौधरी, आईपीएस ने अतिथि वक्ता के रूप में शिरकत की। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार, संगोष्ठी के दौरान सुश्री चौधरी ने अपने संबोधन और प्रेजेंटेशन के माध्यम से भ्रष्टाचार की रोकथाम, कानूनी प्रावधानों, सतर्कता विभाग की भूमिका, और विजिलेंस के दृष्टिकोण से ईमानदारी एवं पारदर्शिता के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री शिवेंद्र मोहन ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि सतर्कता विभाग का मुख्य उद्देश्य सत्यनिष्ठा को बनाए रखना और प्रणाली की कमियों की पहचान कर सुधार के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक श्री अशोक माहेश्वरी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि "विजिलेंस से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना ही वास्तविक सतर्कता है।" कार्यक्रम में श्री मनोज कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी (एस एंड एम), उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय के विजिलेंस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, तथा मंडलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े अधिकारीगण भी सम्मिलित हुए। संगोष्ठी के माध्यम से उपस्थित प्रतिभागियों ने भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति, जवाबदेही, और नैतिक मूल्यों की स्थापना के प्रति जागरूकता का संकल्प लिया।

रेप का दोषी आसाराम 6 महीने जेल से बाहर रहेगा: राजस्थान हाईकोर्ट से पहली बार जमानत




24 न्यूज अपडेट

राजस्थान हाईकोर्ट (जोधपुर) ने नाबालिग से रेप के दोषी आसाराम को 6 महीने की जमानत दी है। कार्यवाहक चीफ जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस संगीता शर्मा की डिवीजन बेंच ने मंगलवार को जमानत याचिका पर सुनवाई की। याचिका मेडिकल आधार पर लगाई गई थी। राजस्थान हाईकोर्ट से उसे पहली बार जमानत मिली है। इससे पहले अंतरिम जमानत खत्म होने के बाद उसने 30 अगस्त को सरेंडर कर दिया था।

मेडिकल कारणों से मिली जमानत

29 अक्टूबर 2025 को राजस्थान हाईकोर्ट में आसाराम की सजा स्थगन और मेडिकल ग्राउंड पर जमानत की याचिका पर सुनवाई हुई थी। आसाराम की ओर से दिल्ली से आए सीनियर एडवोकेट देवदत्त कामत ने पैरवी की। राजस्थान सरकार की ओर से एडिशनल एडवोकेट जनरल (एएजी) दीपक चौधरी ने दलील रखीं। पीड़िता की ओर से एडवोकेट पीसी सोलंकी ने पैरवी की। सभी पक्षों को सुनने के बाद बेंच ने 6 महीने की जमानत दी है। करीब 12 साल की कैद के बाद पहली बार 7 जनवरी 2025 को उसे मेडिकल कारणों से अंतरिम जमानत मिली थी।

सेंसेक्स 368 अंक चढ़कर 84,997 पर बंद: निफ्टी में भी 117 अंक की तेजी रही; मेटल और FMCG शेयर्स में खरीदारी



24 न्यूज अपडेट

शेयर बाजार में आज यानी 29 अक्टूबर को तेजी रही। सेंसेक्स 368 अंक चढ़कर 84,997 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी करीब 117 अंक की तेजी रही। ये 26,054 के पर बंद हुआ है।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट रही। मेटल और FMCG शेयर्स में ज्यादा खरीदारी देखने को मिली। ऑटो शेयर्स में गिरावट रही। वहीं आज ऑर्कला इंडिया लिमिटेड का IPO ओपन हुआ है। निवेशक इस IPO में 31 अक्टूबर तक बोली लगा सकेंगें। इस IPO की लिस्टिंग 6 नवंबर को होगी।

संपादकीय : तनाव के परिसर

शिक्षण संस्थानों का वास्तविक अर्थ है, जहां ज्ञानार्जन के साथ-साथ विद्यार्थियों के भीतर व्यावहारिक कौशल और जीवन में चुनौतियों से मुकाबला करने की मानसिक शक्ति भी विकसित होती है। मगर जब कोई विद्यार्थी अपनी जिंदगी से हार मानने को मजबूर हो जाए, तो इन संस्थानों का महत्त्व क्या रह जाता है ? क्या आज के शिक्षण संस्थानों का उद्देश्य सिर्फ किताबी ज्ञान बांटना रह गया है ? क्या संस्थानों के प्रबंधन का यह दायित्व नहीं है कि वे अपने परिसर में ऐसा माहौल तैयार करें कि कोई भी विद्यार्थी विना किसी भेदभाव, परेशानी और तनाव के शिक्षा ग्रहण कर सके ? इसी लापरवाही का नतीजा है कि देशभर में विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामले साल-दर-साल बढ़ते जा रहे हैं। हालांकि सरकार की ओर से इस तरह की परिस्थितियों से निपटने के लिए कई कदम उठाए गए हैं, लेकिन उन्हें जमीन पर उतारने की गंभीरता कहीं नजर नहीं आती है। यही कारण है कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और आत्महत्या के मामलों से निपटने के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन पर आठ सप्ताह के भीतर विस्तृत ब्योरा पेश करने को कहा है। राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो की हाल की एक रपट भी इस बात की तस्दीक करती है कि देश में विद्यार्थियों की आत्महत्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। रपट के मुताबिक, वर्ष 2023 में विद्यार्थियों की आत्महत्या के 13,892 मामले सामने आए, जो वर्ष 2013 की तुलना में लगभग पैंसठ फीसद अधिक है। जबकि वर्ष 2019 की तुलना में यह वृद्धि चौंतीस फीसद दर्ज की गई है। समग्र तौर पर देखें, तो वर्ष 2023 में हुई कुल आत्महत्या में विद्यार्थियों की संख्या आठ फीसद से अधिक थी। यह स्थिति वास्तव में भवावह है। विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति बिगड़ने के कई कारण हो सकते हैं। मसलन, पढ़ाई का दबाव, शिक्षा संस्थानों में हिंसा और जातिगत भेदभाव व फिर घरेलू एवं आर्थिक परेशानियां ये ऐसी समस्याएं हैं, जिनका समय रहते समाधान किया जा सकता है। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने इस मामले में 25 जुलाई के अपने फैसले में सरकार और शिक्षा संस्थानों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे। शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों की आत्महत्या के मामलों में बढ़ोतरी बेहद संवेदनशील मसला है। सरकार और शिक्षा संस्थानों को विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संकट को गंभीरता से लेने की जरूरत है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर स्थायी नियमावली और दिशा-निर्देश तैयार किए जाने चाहिए। शीर्ष अदालत ने अपने पूर्व के फैसले में यह भी निर्देश दिया था कि सभी राज्य और केंद्रशासित प्रदेश दो महीने के भीतर तमाम निजी कोचिंग केंद्रों के लिए पंजीकरण, छात्र सुरक्षा मानदंड और शिकायत निवारण तंत्र अनिवार्य करने वाले नियम अधिसूचित करें। मगर राज्यों की उदासीनता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान दिशा-निर्देशों के कार्यान्वयन को लेकर कई गंभीर सवाल उठाए। इसमें दोराय नहीं कि शैक्षणिक संस्थानों और कोचिंग केंद्रों में विद्यार्थियों की आत्महत्या की रोकथाम के लिए अब एकीकृत और ठोस नियमावली लागू किए जाने की जरूरत है। इनके प्रभाव की वार्षिक समीक्षा भी होनी चाहिए और उसी लिहाज से नियमों को अद्यतन किया जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को किसी भी तरह के मानसिक दबाव से छुटकारा मिल सके।

दावे बनाम हकीकत

पिछले कुछ वर्षों से हर तरफ विकास एक नारे के रूप में चर्चा का केंद्रीय विषय बना हुआ है। देश के दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को जिस स्तर की परेशानियां होती रही हैं, उसमें यह स्वाभाविक ही है कि उनके भीतर भी अपने क्षेत्र में सड़क, परिवहन, अस्पताल और स्कूल आदि की सुविधाएं उपलब्ध होने की उम्मीद हो। मगर जब राजनीतिक दलों के भीतर विकास के सिर्फ नारे के जरिए ही जनता का समर्थन हासिल करना एक मकसद रह गया हो, तो जमीनी हकीकत त्रासद ही होगी। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में एक गर्भवती महिला को आपात स्थिति में पानी और कीचड़ से भरी कच्ची सड़क पर बैलगाड़ी के सहारे अस्पताल लेकर जाने की खबर यह बताती है कि विकास और चमकती अर्थव्यवस्था के शोर में कई तकलीफदेह सच्चाइयां दवी रह जाती हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि प्रसव पीड़ा का सामना करती महिला को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस को बुलाया भी गया, तो वह बेहद खराब सड़क और कीचड़ की वजह से नहीं पहुंच पाई। मजबूरन दलदली और ऊबड़-खाबड़ रास्ते को तीन घंटे में पार कर एक बैलगाड़ी के जरिए महिला को सात किलोमीटर दूर स्थित स्वास्थ्य केंद्र ले जाना पड़ा। जिस दौर में आए दिन देश और कुछ राज्यों में एक्सप्रेस- वे जैसी चमकदार और अंतरराष्ट्रीय स्तर की निर्वाध सड़कों का हवाला देकर विकास के तेज गति से आगे बढ़ने के दावे किए जा रहे हैं, शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा देने और सबको स्वस्थ रखने के लिए उपाय करने का प्रचार किया जा रहा हैं, ऐसे में हमीरपुर की घटना एक आईने की तरह सबके सामने खड़ी है। राज्य के किसी हिस्से में शानदार चमकती एक्सप्रेस-वे जैसी सड़कें और सभी आधुनिक संसाधनों वाले अस्पतालों के बरक्स किसी अन्य हिस्से में एंबुलेंस के पहुंचने लायक भी सड़क नहीं होना और आपात स्थिति में पहुंची गर्भवती महिला के सामने कोई चिकित्सा सुविधा हासिल करने के लिए सात किलोमीटर दूर जाने की नौबत आना आखिर क्या दर्शाता है? संसाधनों और सुविधाओं के मामले में अलग-अलग हिस्सों के बीच ऐसी खाई के रहते क्या किसी भी स्तर पर समावेशी विकास का दावा किया जा सकता है ?

पर्यटन सीजन में जमकर लूटा, अब अधिक वसूली पर पार्किंग ठेकेदार पर 20 हजार का जुर्माना ठोका, निरस्त क्यों नहीं किया ठेका??



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। नगर निगम में लगता है अफसर हर काम लकीर पीटने वाला करते हैं। दीपावली के बाद से जगह जगह पार्किंग पर सैलानियों को जमकर लूटने की खबरें आ रही थीं। तब कोई आकस्मिक जांच नहीं हुई। कार्रवाई नहीं हुई। अब सीजन बीतने के बाद जुर्माना लगाया है, वो भी केवल 20 हजार का। इससे ज्यादा तो ठेकेदार लूट चुका होगा। जो लूट रहा है उसका ठेका तुरंत निरस्त क्यों नहीं?? जांच सीजन से पहले, सीजन के बीच क्यों नहीं। कार्रवाई भी लाभ पंचमी के बाद क्यों, ये ऐसे सवाल हैं जिनसे पूरा नगर निगम प्रशासन ही कठघरे में आ रहा है। अफसरों से लेकर ठेकेदार के कामों को देखने वाले कर्मचारियों तक पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ठेकेदार लूट रहा है यह सबको पता था तो कार्रवाई हाथोंहाथ आखिर क्यों व किसके कहने पर की गई। ठेकेदार दूध तलाई पर टू व्हीलर के 20 रूपए ले रहा था शिकायतें हुईं मगर कोई कार्रवाई तत्काल नहीं हुई। अब खबर जारी करके बताया गया है कि नगर निगम ने पार्किंग ठेकेदार पर 20 हजार रूपये का जुर्माना लगाने के साथ ही नोटिस जारी किया है। फर्म आशी कंस्ट्रक्शन कंपनी, उदयपुर को दो साल के लिए माणिक्य लाल वर्मा पार्क, दीनदयाल पार्क व दूधतलाई पाल पर पार्किंग का ठेका 12 लाख 73 हजार रूपये में दिया गया था। उक्त स्थलों पर संवेदक द्वारा निर्धारित दरों से अधिक पार्किंग शुल्क लेने की शिकायत प्राप्त होने पर मौके पर टीम भिजवाकर जांच करवाई। नगर निगम आयुक्त अभिषेक खन्ना ने बताया कि नगर निगम में अधिक पार्किंग शुल्क वसूली की शिकायत प्राप्त हुई थी। जांच के दौरान माणिक्य लाल वर्मा पार्क, दीनदयाल पार्क व दूधतलाई पाल पर संवेदक द्वारा निर्धारित राशि से अधिक पार्किंग शुल्क लेना पाया गया। इसे निविदा की शर्त का उल्लंघन मानते हुए नगर निगम द्वारा संवेदक पर 20 हजार रूपये का जुर्माना लगाते हुए नोटिस जारी किया गया है और नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। खास बात यह है कि शिकायत आखिर करनी ही क्यों पड़ी पर्यटकों को। नगर निगम का दस्ता जांच क्यों नहीं कर रहा था समय-समय पर कि जिसको ठेका दिया है वो लूट तो नहीं रहा है। आपको याद दिला दें कि नगर निगम के मेले में एक्सपायरी माल बिक गया और निगम आयुक्त सहित अफसरों ने अब तक स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर भी कोई कार्रवाई नहीं की है। ऐसा लगता है कि अफसर केवल आंकड़े फिट करने मे रहते हैं। ठेका दो, सरकार को लाभ दिखा दो। नेताओं को खुश रखो। उसके बाद जनता गई भाड़ में कोई जांच समय पर नहीं, कोई मॉनिटरिंग नहीं।

बांसवाड़ा में मछली पकड़ते समय बारूदी बम फटा, युवक के दोनों हाथों की हथेलियां उड़ीं



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। जिले के तलवाड़ा थाना क्षेत्र के बदलिया त्रिपुरा सुंदरी गांव में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब तालाब में मछली पकड़ने गया युवक बारूदी बम फटने से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के दोनों हाथों की हथेलियों के चीथड़े उड़ गए और वह मौके पर ही खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार घायल की हालत गंभीर बनी हुई है।

भतीजे ने बताई घटना की पूरी कहानी

घायल के भतीजे राजू ने बताया कि उसका चाचा रमण (38) पुत्र बटू सोमवार दोपहर करीब 12 बजे गांव के पास स्थित तालाब में मछली पकड़ने गया था। इस दौरान उसके हाथ में रखा बारूदी टोटा (क्रूड बम) अचानक फट गया, जिससे उसके दोनों हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। उंगलियों की त्वचा कट-फट गई और हथेलियों के चीथड़े उड़ गए।

अवैध तरीके से मछली शिकार का खुलासा

मामले की जांच में सामने आया कि तालाब में मछली पकड़ने के लिए अवैध रूप से बारूदी टोटों का इस्तेमाल किया जा रहा था। ग्रामीण अक्सर मछलियों की अधिकता वाले स्थानों पर छोटे विस्फोटक फोड़कर मछलियों को मारते हैं और बाद में उन्हें तालाब से निकाल लेते हैं। यह तरीका न केवल खतरनाक है बल्कि कानूनन प्रतिबंधित भी है। फिलहाल पुलिस में इस संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है, लेकिन घटना की सूचना तलवाड़ा थाना पुलिस को दे दी गई है।

पहले भी हो चुके हैं ऐसे हादसे

गौरतलब है कि इससे पहले भी खमेरा थाना क्षेत्र के सवनिया ग्राम पंचायत में गौतम (30) पुत्र नारायण के हाथ में बारूदी बम फटने से घायल हो गया था। उस समय भी युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

उदयपुर से सम्मेद शिखर तक ट्रेन चलाने की संभावना - डीआरएम ने दिए संकेत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जैन समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग अब साकार होती नजर आ रही है। रेलवे विभाग ने उदयपुर से जैन समाज के प्रमुख तीर्थ स्थल सम्मेद शिखर तक सीधी रेल सेवा शुरू करने की संभावना तलाशी जाने के संकेत दिए हैं। यह जानकारी अजमेर मंडल के डीआरएम राजू भूतड़ा ने उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन के निरीक्षण और अमृत संवाद कार्यक्रम के दौरान दी। मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य जयेश चंपावत की पहल पर डीआरएम भूतड़ा ने कहा कि वर्तमान में सियालदह तक चलने वाली ट्रेन के रूट का सर्वे कराया जाएगा, ताकि उसे सम्मेद शिखर होकर संचालित करने की संभावना पर कार्य किया जा सके। डीआरएम भूतड़ा ने बताया कि रेल विभाग यात्रियों की सुविधा और सेवाओं के विस्तार को लेकर लगातार सुधार की दिशा में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान सदस्य जयेश चंपावत ने डीआरएम का स्वागत करते हुए उदयपुर से संबंधित तीन प्रमुख मांगों को उनके समक्ष रखा — उदयपुर से सम्मेद शिखर तक सीधी ट्रेन सेवा प्रारंभ की जाए। उदयपुर–हरिद्वार ट्रेन को दैनिक बनाया जाए। उदयपुर से मुंबई तक अहमदाबाद होकर सीधी रेल सेवा शुरू की जाए। डीआरएम ने जानकारी दी कि आसावरा से अहमदाबाद तक की कनेक्टिविटी पूरी होते ही उदयपुर–मुंबई रेल सेवा शुरू करने की योजना पर अमल किया जा सकेगा। वहीं, हरिद्वार स्टेशन की व्यस्तता के कारण उदयपुर–हरिद्वार ट्रेन को दैनिक बनाने में कुछ समय लग सकता है।

अमृत संवाद कार्यक्रम के दौरान डीआरएम ने आमजन से रेलवे सुविधाओं के विस्तार को लेकर सुझाव भी आमंत्रित किए, साथ ही रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

सम्मान न केवल दायित्वों का बल्कि समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है – हुमड समाज अध्यक्ष खोडनिया



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के दिगंबर जैन समाज कार्यालय में भारतवर्षीय 18 हजार दशा हुमड साढ़े बारह मंदिर बंदीजी एवं चोखला की जैन समाज अभिनंदन व बहुमान समारोह आयोजित हुआ। 18 हजार दशा हुमड समाज अध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने कहा कि सम्मान न केवल दायित्वों का, बल्कि समाज के प्रति समर्पण को भी दर्शाता है। आयोजन समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश खोड़निया व वरिष्ठजनों की गरिमामय उपस्थिति में समाज की केंद्रीय कार्यकारिणी के महासचिवों, शिक्षण ट्रस्ट, शिक्षण प्रबंधन समिति, नर्सिंग कॉलेज प्रबंधन समिति, युवा महासभा के अध्यक्षों व प्रवक्ताओं की उपस्थिति में संपन्न हुआ। अध्यक्ष खोड़निया ने कहा कि पदाधिकारियों का यह सम्मान न केवल उनके नए दायित्वों के लिए, बल्कि समाज के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने नई टीम को बधाई देते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। समाज की प्रगति में युवा शक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर महासचिव ऋषभकुमार शाह, विरेंद्र सेठ, निकुंज शाह, सीए सौरभ जैन, अभिषेक जैन, कल्पित कोठारी, प्रवीण पंचोरी, मुकुल भुता ओबरी व प्रदीप सेठ पीपलखूंट का शॉल, पगड़ी व माला से बहुमान किया गया। संचालन राजेश जैन ने किया। इस अवसर पर अशोक जैन, धर्मेंद्र मेहता, सीए निलेश संघवी, सुमतिलाल सरिया, प्रमोद शाह, संतोष खोड़निया, दीपेश लालावत, हेमंत शाह, अश्विन बोबड़ा, सतीश जैन, हेमंत जैन, रचित जैन, हितेश शाह सहित डूंगरपुर, बांसवाड़ा व प्रतापगढ़ जिले के जैन समाजजन उपस्थित रहे।

पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज का अष्टमी व्रत उद्यापन कार्यक्रम आयोजित



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के आसपुर मार्ग स्थित सासरिया तालाब के पास पीपा क्षत्रिय दर्जी समाज परिसर में मंगलवार को अष्टमी व्रत उद्यापन कार्यक्रम आयोजित हुआ। समाज की 118 महिलाओं ने व्रत उद्यापन के साथ 31 कुण्डीय यज्ञ में आहुतियां दीं। उद्यापन आचार्य पंकज पंड्या, भरत पंड्या, नीलेश ठाकुर, मुकेश ठाकुर आदि पंडितों के मंत्रोच्चारण के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष चंदूलाल दर्जी, उपेंद्र, छोटेलाल, नानालाल दर्जी, बसंतलाल, गोवर्धन, राजेश पंवार, भूपेश पंवार, केशवलाल दर्जी सहित अनेक महिला व पुरुष उपस्थित रहे।

किसानों की फसलों को हुए नुकसान पर मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। क्षेत्र में विगत दिनों हुई असामान्य वर्षा से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ। इसी के मद्देनजर मुआवजा दिलाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। जिला कांग्रेस कमेटी अभाव-अभियोग प्रकोष्ठ ने ज्ञापन में कहा कि लगातार वर्षा से जिले के हजारों किसानों की खड़ी एवं कटाई के बाद रखी हुई फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। धान, मक्का, उड़द, मूंग, कपास जैसी फसलें सड़ गई हैं और खेतों में जलभराव से रबी फसलों की बुवाई पर भी संकट मंडरा रहा है। ज्ञापन में गिरदावरी सर्वे कर प्रत्येक किसान के नुकसान का आकलन करवाने, राज्य आपदा राहत कोष से मुआवजा जारी करने, बीमा दावों को स्वीकृत करने और आगामी रबी सीजन के लिए बीज व खाद रियायती दरों पर उपलब्ध कराने की मांग की गई। इस अवसर पर मनोहर कोटेड, कपिल भट्ट, अतुल सारगिया, चंद्रशेखर सिंघवी, गौतमलाल पाटीदार, नरेश पाटीदार, कल्पेश रावल, मोहम्मद यूनुस मंसूरी, फारुख लखारा, इस्माइल बिल्ला, जगदीश बुनकर, कमलेश रोत, देवीलाल सरपोटा, कचरू यादव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ट्रैवल्स बसों की अव्यवस्था से यातायात बाधित, घंटों लगा रहता है जाम



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। नगर के डूंगरपुर मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे ट्रैवल्स बसों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है और आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर के पेट्रोल पंप, हनुमान मंदिर व पाटीदार कॉम्प्लेक्स के सामने बसें मनमाने ढंग से खड़ी कर दी जाती हैं, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निकलने में भारी परेशानी होती है। बुधवार दोपहर लगभग 3 से 4 बजे तक संचावत वाटिका के सामने ट्रैवल्स बस खड़ी रहने से लंबा जाम लग गया। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से नियमित निगरानी कर यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर विकसित भारत पदयात्रा को लेकर प्रेस वार्ता, एक भारत, आत्मनिर्भर भारत के संदेश के साथ 'SARDAR@150' अभियान की दी जानकारी




24 न्यूज अपडेट

निंबाहेड़ा (कविता पारख)। नगर परिषद निंबाहेड़ा के वंडर टाउन हॉल में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले विकसित भारत पदयात्रा अभियान को लेकर पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। प्रेस वार्ता में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रतनलाल गायरी, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष महावीर सिंह कृष्णावत, जिला महामंत्री रघु शर्मा व हर्षवर्धन सिंह, पूर्व नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर मंडल अध्यक्ष कपिल चौधरी, जिला प्रवक्ता मानवेंद्र सिंह चौहान, अभियान के जिला सह-संयोजक रवि प्रताप सिंह गौड़, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष बंटी मेवाड़ा तथा डल टीम चित्तौड़गढ़ के प्रतिनिधि कुलदीप प्रजापत उपस्थित रहे। कार्यक्रम के जिला संयोजक सी.पी. नामधरानी ने बताया कि यह अभियान युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत पदयात्रा के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह पहल देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है, जिसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, कर्तव्य भावना और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करना है। विधायक श्रीचंद कृपलानी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि इस अभियान का डिजिटल शुभारंभ केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा SARDAR@150 पोर्टल पर किया गया है। अभियान के तहत SARDAR@150 रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता जैसी अनेक डिजिटल गतिविधियाँ शामिल हैं।

कृपलानी ने बताया कि 31 अक्टूबर से 25 नवंबर 2025 तक प्रदेशभर में तीन दिवसीय पदयात्राएँ आयोजित की जाएँगी। इनसे पूर्व विद्यालयों व महाविद्यालयों में निबंध, वाद-विवाद, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, नशामुक्त भारत शपथ तथा 'गर्व से स्वदेशी' जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। अंत में विधायक कृपलानी ने कहा कि "सरदार पटेल ने जिस प्रकार भारत को एक सूत्र में जोड़ा, उसी भावना को SARDAR@150 आगे बढ़ाएगा। यह अभियान युवाओं को एक भारत, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा देगा।"

राष्ट्रीय एकता का संदेश: श्यालावास जेल में बंदियों ने बनाया भारत का विशाल नक्शा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर 29 अक्टूबर। राष्ट्रीय एकता दिवस और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को विशिष्ट केंद्रीय कारागार श्यालावास में बंदियों ने एक ऐसा आयोजन किया जिसने हर किसी का ध्यान आकर्षित किया।

जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ की प्रेरणा से और जेलर विकास बागोरिया के मार्गदर्शन में जेल परिसर के खुले मैदान में चार सौ से अधिक बंदियों ने मिलकर भारत का एक विशाल नक्शा तैयार किया। इसके बाद सभी बंदी इस नक्शे में व्यवस्थित रूप से बैठकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। आकर्षण का केंद्र प्रतीकात्मक स्टैच्यू ऑफ यूनिटी इस अनूठे प्रदर्शन का सबसे बड़ा आकर्षण नक्शे के ठीक केंद्र में स्थापित सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा थी, जो उनकी प्रसिद्ध स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का प्रतीकात्मक रूप थी। इस प्रस्तुति ने लौह पुरुष को एक अनोखी और भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। गूंजे देशभक्ति के नारे आयोजन के दौरान बंदियों ने पूरे जोश के साथ तिरंगी झंडियाँ लहराईं और देशभक्ति के नारे लगाए। पूरा परिसर भारत माता की जय, वंदे मातरम्, राष्ट्रीय एकता जिंदाबाद और हम सब एक हैं जैसे नारों से गूंज उठा। सामूहिक प्रयास से साकार हुआ संदेश

बंदी संदीप गुप्ता ने बंदी विकास शर्मा, महेश, नितिन, दिनेश, राजेश मूर्तिकार, रामप्रसाद, प्रवीण सैनी और अन्य के सहयोग से इस विशाल नक्शे को तैयार किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसने देश के प्रति उनकी निष्ठा और एकता की भावना को मजबूती से प्रदर्शित किया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य सरदार पटेल के जीवन-संदेश राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारा को बंदियों के जीवन में जीवंत करना था।

एमपीयूएटी का 26वां स्थापना दिवस समारोह 1 नवम्बर को भव्य रूप से मनाया जाएगा



24 न्यूज अपडेट

पांच पूर्व कुलगुरुओं की रहेगी गरिमामयी उपस्थिति, अनुसंधान उपलब्धियों से जुड़े प्रकाशनों का होगा विमोचन

उदयपुर। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी), उदयपुर का 26वां स्थापना दिवस समारोह आगामी 1 नवम्बर, शनिवार को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन राजस्थान कृषि महाविद्यालय के नूतन सभागार में प्रातः 11 बजे प्रारंभ होगा। समारोह से पूर्व मुख्य अतिथि द्वारा वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं डॉ. ए. राठौड़ की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। समारोह के समन्वयक एवं राजस्थान कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एम. के. महला ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलगुरु डॉ. भगवती प्रसाद सारस्वत उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथियों में एमपीयूएटी के पूर्व कुलगुरु डॉ. वी. वी. सिंह, डॉ. एस. एल. मेहता, डॉ. यू. एस. शर्मा, डॉ. एन. एस. राठौड़ एवं डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमपीयूएटी के नवनियुक्त कुलगुरु डॉ. प्रताप सिंह करेंगे। इस अवसर पर विशेष व्याख्यान, शैक्षणिक प्रस्तुतियाँ, तथा विश्वविद्यालय की अनुसंधान एवं विस्तार उपलब्धियों से जुड़े प्रकाशनों का विमोचन किया जाएगा। समारोह में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, परिषद् सदस्य, सभी डीन, डायरेक्टर, पूर्व प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ भाग लेंगे।

सात दशक से कृषि की अलख

राज्य में कृषि शिक्षा, अनुसंधान और विस्तार को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राजस्थान में पहला कृषि महाविद्यालय जोबनेर स्थित एस. के. एन. कृषि महाविद्यालय के रूप में स्थापित हुआ था। इसके पश्चात वर्ष 1955 में उदयपुर में राजस्थान कृषि महाविद्यालय की स्थापना की गई। राज्य का दूसरा कृषि विश्वविद्यालय महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमपीयूएटी), जिसे प्रारंभ में कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर के नाम से जाना जाता था, 1 नवम्बर 1999 को राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के विभाजन से अस्तित्व में आया। राजस्थान सरकार का अध्यादेश संख्या 6 (1999), जो बाद में मई 2000 में अधिनियम के रूप में पारित हुआ, इस विश्वविद्यालय की स्थापना का आधार बना। एमपीयूएटी देश के सबसे बड़े राज्य की भौगोलिक विविधता — फसल, जलवायु, मिट्टी और फसल चक्र जैसे मापदंडों — को ध्यान में रखते हुए विशेष रूप से दक्षिणी राजस्थान के जनजातीय क्षेत्रों के लिए केंद्रित अनुसंधान और विकास कार्यक्रम संचालित करता है। विश्वविद्यालय ने 1 दिसम्बर 1999 से पूर्ण रूप से कार्य प्रारंभ किया। वर्तमान में विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न घटक महाविद्यालय, कृषि अनुसंधान केन्द्र (एआरएस), अनुसंधान उपकेन्द्र (एआरएसएस), पशुधन अनुसंधान केन्द्र, बारानी कृषि अनुसंधान केन्द्र तथा कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) शामिल हैं, जो उदयपुर, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा और प्रतापगढ़ जिलों में सक्रिय हैं।

अवैध बायोडीजल पंप पर बड़ी कार्रवाई, एक गिरफ्तार - 1350 लीटर बायोडीजल जब्त



24 न्यूज अपडेट

डी.एस.टी. व थाना बेकरिया पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई

उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर जिले में अवैध बायोडीजल की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डी.एस.टी. (डिस्ट्रिक्ट स्पेशल टीम) और थाना बेकरिया पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अवैध बायोडीजल पंप का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने मौके से 1350 लीटर बायोडीजलनुमा तरल पदार्थ जब्त कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री गोपाल स्वरूप मेवाड़ा और वृताधिकारी कोटड़ा श्री राजेन्द्रसिंह राठौड़ के सुपरविजन में थाना अधिकारी श्री उत्तमसिंह के नेतृत्व में डी.एस.टी. टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना सर्कल बेकरिया क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर एचपी पेट्रोल पंप के सामने एक अवैध बायोडीजल पंप संचालित किया जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंप चालक से वैध लाइसेंस की जानकारी मांगी। पंप संचालक द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर जिला रसद विभाग की टीम को बुलाया गया। जांच में पंप के टैंक से 1130 लीटर और एक ड्रम से 220 लीटर बायोडीजलनुमा तरल पदार्थ बरामद हुआ। कुल 1350 लीटर बायोडीजल जब्त कर पंप मशीन को सील किया गया। पुलिस ने मौके से अभियुक्त धर्मेश पुत्र नानालाल निवासी गोगुन्दा (थाना गोगुन्दा, जिला उदयपुर) को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया है। मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है। कार्रवाई में शामिल अधिकारी व टीम सदस्य — डी.एस.टी. टीमः पुलिस उप अधीक्षक (एससी/एसटी सैल) श्री महिपालसिंह, स.उ.नि. श्री विक्रमसिंह, हैड कॉन्स्टेबल हितेन्द्रसिंह, गणेशसिंह, भंवरलाल, कॉन्स्टेबल कमलेश, शक्तिसिंह, सुमित कुमार, सुमेरसिंह, मुकेश कुमार व चालक कानि. कृष्ण कुमार। थाना बेकरिया टीमः थानाधिकारी श्री उत्तमसिंह, हैड कानि. प्रभुलाल, कानि. उम्मेदाराम, पुष्पराज, जोधाराम, भीखाराम।

पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की शिष्टाचार भेंट, संगठनात्मक मुद्दों और जनसरोकारों पर हुई चर्चा

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भारतीय जनता पार्टी उदयपुर शहर के जिला प्रभारी एवं राजसमंद के पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास (सीएमआर), जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। भेंट के दौरान पूर्व विधायक खटीक ने मुख्यमंत्री से संगठनात्मक



गतिविधियों, क्षेत्रीय विकास कार्यों और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री को क्षेत्र में जारी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया और जनता को सीधे लाभ पहुंचाने वाले निर्णयों की सराहना की। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर संगठन की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्पण और जनसंपर्क ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। पूर्व विधायक खटीक ने हाल ही में हुई अपनी दुर्घटना के बाद मुख्यमंत्री द्वारा कुशलक्षेम पूछने पर आभार व्यक्त किया और इसे मुख्यमंत्री के संवेदनशील नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आत्मीयता का परिचायक बताया। उन्होंने मुख्यमंत्री को उनके नेतृत्व में प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर अग्रिम बधाई दी और प्रदेश के सर्वांगीण विकास की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

इंदौर में ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट खिलाड़ियों से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार, 12 मामलों में पूर्व में रह चुका है जेल में

24 न्यूज अपडेट

इंदौर। इंदौर में ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की दो खिलाड़ियों से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी अकील शेख अब जेल में है। पुलिस पूछताछ में उसने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। अकील ने बताया कि कुछ वर्ष पहले जयपुर में एक विदेशी महिला से उसने हाथ मिलाया था, इसलिए जब उसे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी दिखीं तो वह उनसे भी उसी तरह मिलने की कोशिश करने लगा। पुलिस के अनुसार घटना के दिन आरोपी ने पहले शराब पी थी। पिता को सत्य सांई नगर छोड़ने के बाद वह बाइक से लौट रहा था। रास्ते में रोबोट चौराहे पर विदेशी महिला खिलाड़ियों को देखकर उसने उन्हें हाथ हिलाकर 'हाय' कहा। जब खिलाड़ियों ने भी जवाब में प्रतिक्रिया दी तो उसने पास जाकर सेल्फी लेने की कोशिश की और उसी दौरान उसने अशोभनीय हरकत कर दी।

सुरक्षा प्रबंधों को लेकर नया खुलासा

इस मामले में ऑस्ट्रेलियाई टीम के सुरक्षा प्रबंधक डैनी सिमंस ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि संबंधित दोनों खिलाड़ी बिना सुरक्षा के बाहर गई थीं। उन्होंने स्पष्ट रूप से पुलिस एस्कॉर्ट की जरूरत से इनकार किया था। इसी कारण घटना के समय पुलिस उनके साथ मौजूद नहीं थी।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी बयानबाजी

एमआईजी थाना पुलिस अब दोनों विदेशी खिलाड़ियों को ई-मेल के जरिए समन जारी करेगी। कोर्ट में पेशी की तारीख पर उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गवाही देने के लिए लिंक भेजा जाएगा। थाना प्रभारी सीबी सिंह ने बताया कि एफआईआर में टीम मैनेजर के माध्यम से खिलाड़ियों के प्रारंभिक बयान दर्ज किए जा चुके हैं। अब चार्जशीट प्रस्तुत करते समय




कोर्ट में उनकी औपचारिक गवाही करवाई जाएगी। आरोपी पर दर्ज हैं 12 प्रकरण, हाल ही में जेल से लौटा पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अकील शेख के खिलाफ पहले से ही छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार के 12 मामले दर्ज हैं। कुछ शिकायतें अभी भी लंबित हैं। वह लगभग चार महीने पहले ही उज्जैन की भैरवगढ़ जेल से दस साल की सजा काटकर इंदौर लौटा था। पुलिस की त्वरित कार्रवाई - 5 थानों की टीमें लगीं पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए परदेशीपुरा, एमआईजी, विजयनगर, लसूड़िया और खजराना थानों की टीमों को लगाया था। पुलिस ने आरोपी की पहचान और लोकेशन पता करने के लिए 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले। परदेशीपुरा थाना पुलिस को आरोपी की लोकेशन आजाद नगर क्षेत्र में मिली, जहाँ से उसे हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार होने के बाद भी अकील को यह जानकारी नहीं थी कि विदेशी खिलाड़ियों ने उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

घटना के प्रत्यक्षदर्शी ने दी थी सूचना

घटना के समय वहां से गुजर रही एक कार के ड्राइवर ने आरोपी की हरकत को मोबाइल में कैद किया और बाइक का नंबर नोट किया। बाद में वह विजय नगर थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी जानकारी दी। इसी वीडियो और बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान सुनिश्चित की।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पत्नी इंद्रा देवी एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती - वेंटिलेटर सपोर्ट पर उपचार जारी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 29 अक्टूबर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पत्नी इंद्रा देवी को सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ने पर जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार वे घर पर अचानक बेहोश हो गई थीं, जिसके बाद परिजन उन्हें एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने सीपीआर (CARDIO PULMONARY RESUSCITATION) देकर उन्हें रिवाइव किया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, इंद्रा देवी को मेडिकल आईसीयू में भर्ती किया गया है और उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। उनके उपचार के लिए न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और जनरल मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों का एक विशेषज्ञ बोर्ड गठित किया गया है। इलाज की निगरानी स्वयं एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी कर रहे हैं। इस बीच, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा अस्पताल पहुंचे और स्पीकर वासुदेव देवनानी से मुलाकात कर उनकी पत्नी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। डोटासरा ने चिकित्सकों से भी उपचार की स्थिति पर जानकारी प्राप्त की। गौरतलब है कि इंद्रा देवी, जो रिटायर्ड शिक्षिका हैं, इससे पहले भी पिछले वर्ष जुलाई में अस्थमा की शिकायत के बाद एसएमएस हॉस्पिटल में भर्ती रह चुकी हैं। उस समय भी उन्हें कुछ दिनों तक आईसीयू और वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था।

विरासत के साथ विकास, राष्ट्र नायकों के विचारों से नई पीढ़ी को प्रेरित करना ही लक्ष्य – सांसद डॉ. मन्नालाल रावत



24 न्यूज अपडेट

सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर SARDAR@150 यूनिटी मार्च व विविध कार्यक्रम होंगे आयोजित

उदयपुर, 29 अक्टूबर। उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा कि "भारत की विरासत के साथ विकास करना और राष्ट्र के नायकों के विचारों से नई पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करना ही हमारा उद्देश्य है।" वे मंगलवार को आयोजित प्रेस वार्ता में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा कर रहे थे। सांसद डॉ. रावत ने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती तथा 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पूरे देश में भव्य रूप से मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ बनाया, वहीं भगवान बिरसा मुंडा ने संस्कृति, स्वाभिमान और आजादी के लिए अंग्रेजों व मिशनरियों के विरुद्ध जनांदोलन खड़ा किया। उन्होंने कहा, "बिरसा मुंडा न केवल क्रांतिवीर थे बल्कि जनजातीय समाज में उन्हें भगवान का दर्जा प्राप्त है। उनके विचार आज भी आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक हैं।" सांसद ने बताया कि इन दोनों महापुरुषों की जयंती पर प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश नेतृत्व और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें युवाओं में राष्ट्रवाद, सेवा और नशा मुक्ति की भावना को मजबूत करने पर विशेष बल रहेगा। इस अवसर पर भाजपा शहर जिला अध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ ने SARDAR@150 UNITY MARCH की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह मार्च 31 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निकाला जाएगा। मार्च का शुभारंभ 31 अक्टूबर को टाउन हॉल शहीद स्मारक से होगा, जो बापू बाजार, सूरजपोल, झीनीरेत चौक, मार्शल चौराहा, धानमंडी, तीज का चौक, दिल्ली गेट होकर पुनः टाउन हॉल पर संपन्न होगा। राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम अवधि के दौरान निबंध प्रतियोगिता, राष्ट्रीय रील प्रतियोगिता, ऑनलाइन क्विज, पॉडकास्ट श्रृंखला 'एक था सरदार' सहित अनेक जनभागीदारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं भाजयुमो अध्यक्ष ललित सिंह सिसोदिया ने ग्रामीण क्षेत्र सलूम्बर में आयोजित होने वाली पदयात्रा की तिथि और मार्ग योजना साझा की। कार्यक्रम का शुभारंभ मेरा युवा भारत उदयपुर के जिला युवा अधिकारी शुभम पुर्बिया ने अतिथियों के स्वागत व उद्देश्य साझा करते हुए किया। उन्होंने बताया कि "SARDAR@150 UNITY MARCH" युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार और माय भारत की संयुक्त पहल है, जिसका लक्ष्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, सेवा, नेतृत्व और आत्मनिर्भर भारत के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के अंत में भाजपा मीडिया प्रभारी चंचल अग्रवाल ने सभी अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. मन्नालाल रावत (सांसद उदयपुर), गजपाल सिंह राठौड़ (भाजपा शहर जिला अध्यक्ष), ललित सिंह सिसोदिया (देहात जिला कार्यक्रम संयोजक), जितेंद्र सिंह शक्तावत (सहसंयोजक), पारस सिंघवी, देवीलाल सालवी, अशोक नागदा, घनश्याम मेनारिया, और डॉ. ओम पारीक सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पारस हेल्थ उदयपुर में एडवांस्ड ऑन्कोलॉजी डिपार्टमेंट और रेडिएशन सेंटर का शुभारंभ, अब उदयपुर में मिलेगा विश्वस्तरीय कैंसर इलाज



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पारस हेल्थ उदयपुर ने कैंसर इलाज सेवाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए अत्याधुनिक ऑन्कोलॉजी डिपार्टमेंट और नया रेडिएशन थेरेपी सेंटर शुरू किया है। इन नई सुविधाओं से अब उदयपुर व आसपास के मरीजों को एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, विशेषज्ञ डॉक्टर्स और दयाभाव से युक्त देखभाल एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगी। नया रेडिएशन सेंटर लेटेस्ट हैल्सियन तकनीक से लैस है, जो इमेज-गाइडेड सटीक रेडिएशन इलाज प्रदान करती है। यह सिस्टम केवल कैंसरग्रस्त हिस्सों को निशाना बनाकर स्वस्थ अंगों की रक्षा करता है, जिससे उपचार अधिक सुरक्षित, तेज़ और प्रभावी बनता है। ऑन्कोलॉजी टीम में डॉ. मनोज महाजन (डायरेक्टर मेडिकल ऑन्कोलॉजी), डॉ. कीर्ति शिवहरे (कंसल्टेंट रेडिएशन ऑन्कोलॉजी) और डॉ. सौरभ शर्मा (कंसल्टेंट सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) शामिल हैं। डॉ. मनोज महाजन ने कहा, "नए ऑन्कोलॉजी और रेडिएशन सेंटर का शुभारंभ पारस हेल्थ की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिसके तहत अत्याधुनिक और करुणामयी देखभाल सभी को सुलभ हो। अब मरीजों को एडवांस्ड कैंसर ट्रीटमेंट के लिए मेट्रो शहरों तक नहीं जाना पड़ेगा।" वहीं फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. प्रसून कुमार ने बताया, "इन नई सेवाओं से पारस हेल्थ उदयपुर अब शुरुआती डायग्नोसिस से लेकर एडवांस्ड रेडियोथेरेपी और समग्र देखभाल तक की पूरी सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराएगा। इससे इलाज के परिणामों और मरीजों की सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा।" ऑन्कोलॉजी विभाग में मेडिकल, सर्जिकल, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी व ब्लड कैंसर केयर सहित कई सेवाएं उपलब्ध हैं। यहां MRI/PET-आधारित रेडिएशन प्लानिंग व CBCT सत्यापन जैसी एडवांस्ड तकनीकें उपयोग में लाई जा रही हैं। पारस हेल्थ उदयपुर इन नई सुविधाओं के साथ राजस्थान में विश्वस्तरीय, तकनीक-सक्षम और करुणामयी स्वास्थ्य सेवा को साकार करने की दिशा में अग्रसर है, ताकि मरीजों को "सही इलाज, सही समय पर, अपने शहर में" मिल सके।

जनसंघ के संस्थापक सदस्य व वरिष्ठ भाजपा नेता भानुकुमार शास्त्री की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 29 अक्टूबर। जनसंघ के संस्थापक सदस्य, प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं मंत्री रहे मेवाड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. भानुकुमार शास्त्री की जयंती के अवसर पर मंगलवार को भाजपा उदयपुर देहात की ओर से बलीचा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। निवर्तमान भाजपा देहात जिलाध्यक्ष डॉ. चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने कहा कि शास्त्रीजी सादगी, शुचिता और सिद्धांतनिष्ठा के प्रतीक थे। वे 1942 में संघ के स्वयंसेवक बने और 1951 में भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य बने। उन्होंने 40 माह का कारावास भोगा और व्यक्तिगत परिस्थितियों में भी सिद्धांतों से कभी विचलित नहीं हुए। वे उदयपुर नगर परिषद के पार्षद, उपसभापति, विधायक, सांसद, लघु उद्योग निगम और खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष रहे। भाजपा देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली ने कहा कि संघ के साधारण स्वयंसेवक से संसद तक की यात्रा में शास्त्रीजी ने पं. दीनदयाल उपाध्याय, अटलबिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, भैरोसिंह शेखावत, सुन्दरसिंह भंडारी, गुरूजी गोलवलकर, बाला साहेब देवरस और एकनाथ रानाडे जैसे महान नेताओं के साथ कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त किया। उनका जीवन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है।

इस अवसर पर जिला महामंत्री दीपक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी, शांतिलाल जैन, भाजयुमो जिलाध्यक्ष ललित सिंह सिसोदिया, जिला मंत्री गोपीलाल प्रजापत, जिला कार्यालय मंत्री गणेश कुमार, प्रदीप रवानी, अशोक लोहार सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सुखाड़िया विश्वविद्यालय भू-संपत्ति कार्यालय परिवार ने संगठन अध्यक्ष सालवी का किया सम्मान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय कर्मचारी संगठन (भारतीय मजदूर संघ) के अध्यक्ष श्री नारायण लाल सालवी के सालवी (बुनकर) समाज, साठ खेड़ा, खेरोदा चौकी, उदयपुर के अध्यक्ष चुने जाने पर भू-संपत्ति कार्यालय परिवार की ओर से एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में भू-संपत्ति कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने वर्ष के नए समाज अध्यक्ष बने नारायण लाल सालवी का माला, उपरणा और पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर हसनुद्दीन काजी, योगेश पालीवाल, रविंद्रपाल सिंह, चिंतनराज, नारायण लाल गुर्जर, भुण्डाराम, शोभालाल, विक्रम सिंह, राजू, मीठालाल, कैलाश, भेरूलाल मीणा सहित विश्वविद्यालय के कई कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि श्री सालवी का चयन समाज और संगठन दोनों के लिए गौरव की बात है। उनके नेतृत्व में समाज सेवा और संगठनात्मक कार्यों में नई ऊर्जा आएगी। समारोह के अंत में सभी के लिए अल्पाहार का आयोजन किया गया।

अहमदाबाद में आचार्य सुनील सागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में सिद्धचक्र महामण्डल विधान प्रारंभ



24 न्यूज अपडेट

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद स्थित यूनिवर्सिटी ग्राउण्ड में प्राकृत ज्ञान केसरी आचार्य श्री सुनील सागरजी महाराज ससंघ के 61वीं पिच्छी के चातुर्मास समापन अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज एवं चातुर्मास समिति के संयोजन में बुधवार से आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामण्डल विधान का शुभारंभ हुआ। विधान का शुभारंभ प्रतिष्ठाचार्य पं. विनोद पगारिया "विरल" (सागवाड़ा) के तत्वावधान में ध्वजारोहण के साथ हुआ। अशोक-विनोद वोरा परिवार लोहारिया द्वारा ध्वजारोहण तथा जिग्नेश नावडिया परिवार द्वारा मंडप उद्घाटन किया गया। विपिन पंचोरी (साबला) ने बताया कि प्रातः श्री आदिनाथ जैन मंदिर सेटेलाइट से जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमाओं की शोभायात्रा एवं घटयात्रा बैण्ड-बाजों के साथ विधान स्थल पर पहुंची। ध्वजारोहण के पश्चात प्रतिष्ठाचार्य पगारिया ने 500 से अधिक इन्द्र-इन्द्राणी समूह का सकलीकरण व इन्द्र प्रतिष्ठा विधि संपन्न कराई। मण्डप प्रतिष्ठा, अखण्ड दीप प्रज्जवलन, पंच मंगल कलश व धूप घट स्थापना के बाद जिनेन्द्र भगवान व सिद्धचक्र यंत्र का अभिषेक एवं विश्वशांति कामना हेतु शांतिधारा की गई। संध्याकालीन आरती विपिन पंचोरी साबला परिवार द्वारा उतारी गई। यह अनुष्ठान 5 नवम्बर तक चलेगा और उसी दिन विश्वशांति महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न होगा। विधान के मुख्य पुण्यार्जक—सौधर्म इन्द्र सौभागमल कटारिया परिवार, राजा श्रीपाल राजेश शाह, धनपति कुबेर ऋषभ जैन, महायज्ञनायक विपिन पंचोरी साबला सहित 500 से अधिक इन्द्र-इन्द्राणी युगलों द्वारा सिद्धचक्र विधान पूजा की जा रही है। विधान मंडल को रंग-बिरंगे मोती, डायमंड व लाइटों से सजाया गया है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। धर्मसभा में आचार्य श्री सुनील सागरजी महाराज ने कहा—"सिद्धचक्र विधान, सिद्ध भगवान की महापूजा है। सिद्ध प्रभु अष्टकर्म से मुक्त होकर सिद्धशिला पर स्थित हुए हैं। उनकी आराधना से हमारे भी कर्मों का नाश होता है और पुण्य का बंध होता है।"

मावली में ब्लॉक स्तरीय बौद्धिक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिता सम्पन्न



24न्यूज अपडेट

मावली। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर के निर्देशानुसार मावली पीएम श्री विद्यालय परिसर में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय बौद्धिक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मावली और खेमली ब्लॉक के राजकीय एवं निजी विद्यालयों के कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में निबंध, आशुभाषण, क्विज़, एकल गीत और चित्रकला जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निबंध प्रतियोगिता में वर्षा श्रीमाली (लोपड़ा) ने प्रथम और पायल मीणा (बा. मावली) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आशुभाषण में कृतिका पालीवाल (डबोक) प्रथम और निकिता सिसोदिया (लदानी) द्वितीय रहीं। क्विज़ प्रतियोगिता में किर्ति सिंह चुंडावत (इमोशन स्कूल, मावली) ने प्रथम और दिक्षा मंडोवरा (फतह एकेडमी, फतहनगर) ने द्वितीय स्थान हासिल किया। एकल गीत प्रतियोगिता में प्रिंस वैष्णव (फतह एकेडमी, फतहनगर) प्रथम और भावना जाट (मोरठ) द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में काव्या राणावत (फतह एकेडमी, फतहनगर) ने प्रथम और दिव्या गौस्वामी (लदानी) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम सुखलाल गुर्जर, संदर्भ व्यक्ति पंकज जोशी एवं निर्णायक मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे। शैक्षिक क्षेत्र में निष्णात एवं अनुभवी पीईईओ और प्रधानाचार्य — चेतना सारंगदेवोत (लदानी), उमेश माहेश्वरी (सिंधु), उपेंद्र सिंह अधिकारी (लोपड़ा), सोनल हेड़ा (डबोक), नीलू शर्मा (वारणी), गंगा विजयवर्गीय (जेवाणा), तरूणम पठान (घासा) तथा रोशनलाल माखीजा (बा. मावली) निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना, आत्मविश्वास और सृजनात्मक सोच को प्रोत्साहन दिया।

करेल गाँव के किसानों–आदिवासियों की समस्याओं को लेकर भाकपा का प्रदर्शन, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। फलासिया तहसील के करेल गाँव के गरीब किसानों, मजदूरों और आदिवासी परिवारों की समस्याओं को लेकर आज भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के जिला सचिव हिम्मत चांगवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उदयपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। भाकपा जिला सचिव हिम्मत चांगवाल ने बताया कि वन विभाग द्वारा करेल गाँव के निवासियों को बार-बार परेशान किया जा रहा है, जिसके विरोध में यह ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि गाँव के आदिवासी किसान पीढ़ियों से इस क्षेत्र में निवास करते हैं, अपने मवेशियों के लिए घास काटते हैं और खेती-किसानी कर जीवनयापन करते हैं। बावजूद इसके, वन विभाग उन्हें पट्टे देने की बजाय बेदखली और झूठे मुकदमों की धमकी दे रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भंवरिया नाला, जो गाँव के मवेशियों के लिए प्रमुख जल स्रोत है, को हाल ही में वन विभाग ने विरोध के बावजूद बंद कर दिया, जिससे पशुओं के लिए पानी की भारी समस्या हो गई है। साथ ही, खेली महुडिया से मोरैया दर्रा तक का मार्ग भी बंद कर दिया गया है, जिसे तत्काल खोलने की मांग की गई है। भाकपा नेताओं ने यह भी कहा कि वन विभाग जबरन ग्रामीणों को बेदखल करने की कार्रवाई कर रहा है। 23 अक्टूबर से विभाग द्वारा क्षेत्र में पत्थरों की कोटबंदी का कार्य शुरू किया गया है, जिसे तत्काल रोकने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि ग्रामीणों ने वनाधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक वन अधिकार (CFR) की मांग पहले भी की थी, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रतिनिधिमंडल में सचिव मंडल सदस्य सुभाष श्रीमाली, तहसील सचिव प्रेमदास, लक्ष्मीलाल कसौटा, प्रभुलाल, नानजी, लालूराम, भगवती, शांतिलाल, अलखा, सरदारमल और लक्ष्मीलाल सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

उदयपुर में वर्ल्ड स्ट्रोक डे पर जागरूकता कार्यशाला - विशेषज्ञों ने बताया स्ट्रोक से बचाव और उपचार के उपाय



24न्यूज अपडेट

उदयपुर। वर्ल्ड स्ट्रोक डे के अवसर पर आरएनटी मेडिकल कॉलेज के सभागार में बुधवार को जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज प्राचार्य डॉ. विपिन माथुर रहे। यह कार्यशाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी विभाग के तत्वावधान में आयोजित की गई। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने स्ट्रोक के प्रारंभिक लक्षण, त्वरित पहचान, आपातकालीन उपचार और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने कहा कि समय पर उपचार से स्ट्रोक के बाद होने वाले गंभीर प्रभावों को काफी हद तक रोका जा सकता है। उद्घाटन सत्र में विभाग प्रभारी डॉ. तरुण रलोत ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्ट्रोक से बचाव के लिए सबसे जरूरी है जागरूकता और सही समय पर चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करना। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज, एमबी अस्पताल और संबद्ध अस्पतालों के चिकित्सक, रेजिडेंट डॉक्टर और नर्सिंग विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।